**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________

   (Name) ______________________________

2. (Signature) ____________________________

   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ........................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________

(In words)

| J | 0 | 3 | 1 | 0 |
|---|---|---|---|---|

**Test Booklet No.**

Time : **1 $^1/_4$** hours]

# PAPER-II

# PHILOSOPHY

[Maximum Marks : **100**

| Number of Pages in this Booklet : **12** | Number of Questions in this Booklet : **50** |
|---|---|

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ⬤ (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ⬤ (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

## PHILOSOPHY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** "Man is the measure of all things" is said by
(A) Plato (B) Aristotle
(C) Socrates (D) Protagoras

**2.** "Knowledge is virtue" is said by
(A) Democritus (B) Socrates
(C) Aristotle (D) Leibnitz

**3.** Which theory is propounded by Spinoza regarding the relation between Mind and Body ?
(A) Occasionalism
(B) Parallelism
(C) Pre-established harmony
(D) None of these

**4.** Who among the following thinkers is treated as a sceptic ?
(A) Descartes (B) Locke
(C) Kant (D) Hume

**5.** According to Hegel, Becoming incorporates :
(A) only Being
(B) only Non-Being
(C) both Being and Non-Being
(D) neither Being nor Non-Being

**6.** Who has stated 'knowledge by Acquaintance' and 'knowledge by Description' ?
(A) Ayer (B) Moore
(C) Russell (D) Ryle

**7.** The man who declared himself first "I am a Philosopher" is
(A) Socrates
(B) Pythogoras
(C) Bacon
(D) Heraditus

**8.** The prominent sophists were
(A) Leucippus and Democritus
(B) Socrates and Plato
(C) Protagoras and Gorgias
(D) Anaxagoras and Tuucydides

**9.** Socrates did not preach
(A) 'Right thinking leads to right action.'
(B) 'No man is voluntarily bad or voluntarily good'
(C) 'Doubt implies a doubter'
(D) 'An unexamined life is not worth-living'

**10.** Who was the philosopher interviewed by young Socrates ?
(A) Anaximenes
(B) Anaximander
(C) Heraclitus
(D) Parmenides

**11.** The author of '<u>Memorabilia</u>' is
(A) Xenophon (B) Socrates
(C) Plato (D) Aristotle

**12.** 'Ontological Argument' of Saint Anselm was adopted by
(A) Descartes (B) Spinoza
(C) Leibnitz (D) Locke

**13.** Who said that "our earthly life is a pilgrimage to God" ?
(A) St. Paul
(B) St. Augustine
(C) St. Anselm
(D) St. Thomas Aquinas

## दर्शनशास्त्र

### प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** "मानव सभी वस्तुओं का माप है ।" निम्नलिखित में से यह किसका कथन है ?
(A) प्लेटो (B) अरस्तू
(C) सुकरात (D) प्रोटागोरस

**2.** "ज्ञान सद्‌गुण है ।" यह कथन किसका है ?
(A) डेमोक्रिटस (B) सुकरात
(C) अरस्तू (D) लाइबनिज़

**3.** स्पिनोज़ा ने किस सिद्धान्त को प्रतिपादित किया जिसका सम्बन्ध मस्तिष्क एवं शरीर के बीच के सम्बन्ध से था ?
(A) प्रसंगवाद
(B) समानान्तरवाद
(C) पूर्व-स्थापित सामंजस्य
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**4.** निम्नलिखित विचारकों में से किस विचारक को संशयवादी समझा जाता है ?
(A) देकार्त (B) लॉक
(C) कांट (D) ह्यूम

**5.** हीगल के अनुसार संभूति में समाहित है
(A) मात्र सत्
(B) मात्र असत्
(C) सत् और असत् दोनों
(D) न सत् और न असत्

**6.** 'पहचान द्वारा ज्ञान' और 'वर्णन द्वारा ज्ञान' का कथन किसका है ?
(A) एअर (B) मूर
(C) रसेल (D) राइल

**7.** वह व्यक्ति कौन था जिसने सर्वप्रथम यह घोषित किया – "मैं एक दार्शनिक हूँ ।"
(A) सुकरात (B) पाइथागोरस
(C) बेकन (D) हेराडिटस

**8.** प्रमुख सोफिस्ट थे
(A) ल्यूसिपस और डेमोक्रिटस
(B) सुकरात और प्लेटो
(C) प्रोटागोरस और जॉर्जियस
(D) एनेक्जेगोरस और ट्यूसीडाइडस

**9.** सुकरात ने निम्नलिखित में से किसका उपदेश नहीं दिया ?
(A) सही विचार सही कर्म की ओर ले जाते हैं ।
(B) कोई भी मनुष्य स्वेच्छा से अच्छा अथवा बुरा नहीं है ।
(C) शंका शंका करने वाले को आपादित है ।
(D) अपरीक्षित जीवन जीने के योग्य नहीं है ।

**10.** वह कौन सा दार्शनिक था जिससे नवयुवक सुकरात ने साक्षात्कार किया था ?
(A) एनेक्ज़ीमेनीज़ (B) एनेक्जीमेण्डर
(C) हेराक्लीटस (D) पारमेनाइडीस

**11.** 'मेमोरेबिलिया' का लेखक कौन है ?
(A) ज़ेनोफोन (B) सुकरात
(C) प्लेटो (D) अरस्तू

**12.** सत्तामूलक तर्क, जो सन्त एन्सेल्म ने प्रतिपादित किया था, उसे निम्नलिखित में से किसने स्वीकार किया ?
(A) देकार्त (B) स्पिनोज़ा
(C) लाइबनिज़ (D) लॉक

**13.** "हमारा पार्थिव जीवन ईश्वर की ओर यात्रा है ।" यह कथन किसका है ?
(A) सेंट पॉल
(B) सेंट अगस्ताइन
(C) सेंट एनसेल्म
(D) सेंट थॉमस एक्विनस

**14.** 'Meditations on First Philosophy" was written by

(A) Descartes (B) Spinoza

(C) Leibnitz (D) Locke

**15.** Arrange the following books in order in which they appear in the history of Philosophy.

I. <u>Organon</u>

II. <u>Phaedo</u>

III. <u>Problems of Philosophy</u>

IV. <u>Principles of Philosophy</u>

**Code :**

(A) IV, III, I, II

(B) I, II, III, IV

(C) II, I, IV, III

(D) III, IV, II, I

**16.** Find out the odd :

(A) Descartes was a dualist.

(B) Spinoza was a monist.

(C) Leibnitz was a pluralist.

(D) Locke was a rationalist.

**17.** 'The True Knowledge of External World is impossible' – is the view held by

(A) Spinoza (B) Leibnitz

(C) Locke (D) Berkeley

**18.** The faculty of understanding in Kant's philosophy is known as

(A) Transcendental Aesthetic

(B) Transcendental logic

(C) Transcendental Dialectic

(D) None of these

**19.** According to Hegel, reality consists

(A) full of negations & contradictions

(B) full of percepts & concepts

(C) simple ideas & complex ideas

(D) space and time

**20.** The Naturalistic fallacy is attributed to

(A) Immanuel Kant

(B) J.S. Mill

(C) G.E. Moore

(D) Gilbert Ryle

**21.** The leading figure of existentialism in France is

(A) J. P. Sartre

(B) S. Kierkegaard

(C) Karl Jaspers

(D) Nietzsche

**22.** The phrase 'forgetfulness of Being' is attributed to

(A) A. J. Ayer

(B) Edmund Husserl

(C) Martin Heidegger

(D) J.P. Sartre

**23.** The 'private language argument' was prepared by

(A) A.J. Ayer

(B) Carnap

(C) G.E. Moore

(D) Willingnestem

**24.** Which of the following is <u>not</u> included in analytical philosophy ?

(A) Logical atomism

(B) Logical positivism

(C) Linguistic analysis

(D) Phenomenology

14. "मेडिटेशन्सज़ ऑन फर्स्ट फिलॉसफी" पुस्तक किस लेखक ने लिखी है ?

(A) डेसकार्टस (B) स्पिनोज़ा

(C) लाइबनिज़ (D) लॉक

15. निम्नलिखित पुस्तकों को उसी क्रम में चुनें जिस क्रम से वे दर्शन के इतिहास के अन्तर्गत आये हैं, इसके लिए आप प्रदत्त कूट का प्रयोग कर सकते हैं :

I. ओरगैनॉन

II. फीडो

III. प्रोबलेम्ज़ ऑफ फिलॉसफी

IV. प्रिंसिपल्ज़ ऑफ फिलॉसफी

**कूट :**

(A) IV, III, I, II

(B) I, II, III, IV

(C) II, I, IV, III

(D) III, IV, II, I

16. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) देकार्त द्वैतवादी थे ।

(B) स्पिनोज़ा अद्वैतवादी थे ।

(C) लाइबनिज़ प्रयोजनवादी थे ।

(D) लॉक तर्कवादी थे ।

17. 'बाह्य संसार का सात्विक ज्ञान असंभव है ।' यह विचार किसका है ?

(A) स्पिनोज़ा (B) लाइबनिज़

(C) लॉक (D) बर्कले

18. कांट के दर्शन में बोध-शक्ति को किस नाम से जाना जाता है ?

(A) प्रागनुभविक समीक्षा

(B) प्रागनुभविक तर्कशास्त्र

(C) प्रागनुभविक द्वंद्व समीक्षा

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

19. हीगल के अनुसार यथार्थता में समाहित है

(A) निषेधों और अन्तर्विरोधों से परिपूर्ण

(B) प्रत्यक्ष ज्ञान एवं अवधारणाओं से परिपूर्ण

(C) सामान्य विचार और जटिल आदर्श

(D) काल और आकाश

20. 'प्राकृतिक दोष' का सिद्धान्त किससे सम्बद्ध है ?

(A) इमेन्युअल कांट (B) जे.एस. मिल

(C) जी.ई. मूर (D) गिल्बर्ट राइल

21. फ्रांस में अस्तित्ववाद के मूर्धन्य व्यक्ति कौन हैं ?

(A) जे.पी. सार्त्र

(B) एस. किरकेगार्ड

(C) कार्ल जास्पर्स

(D) नित्शे

22. 'सत् के विस्मरण' का प्रतिपादक कौन है ?

(A) ए.जे. एअर

(B) एडमण्ड हुसर्ल

(C) मार्टिन हाइडेगर

(D) जे.पी. सार्त्र

23. 'प्राइवेट भाषा तर्क' को किसने तैयार किया था ?

(A) ए.जे. एअर (B) कैरप

(C) जी.ई. मूर (D) विलिंगनस्टेम

24. विश्लेषणात्मक दर्शन में, निम्नलिखित में से, कौन सा शामिल नहीं है ?

(A) तार्किक परमाणुवाद

(B) तार्किक सकारात्मकतावाद

(C) भाषाई विश्लेषण

(D) विश्वप्रपंचशास्त्र

**25.** The vedic word Ṛta stands for

(A) only moral order

(B) only cosmic order

(C) both moral and cosmic order

(D) None of the above

**26.** Brahmacarya is the means to meet

(A) Ṛṣirṇa

(B) Pitṛṛṇa

(C) Devaṛṇa

(D) Manuṣyaṛṇa

**27.** Who among the following does believe in God ?

(A) Buddha (B) Jaimini

(C) Patañjali (D) Mahāvira

**28.** Consider the List-I and the List-II and select the code correctly matched :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (1) Praśastapāda | (i) Tattvakaumudi |
| (2) Vācaspati Miśra | (ii) Ślokavārthika |
| (3) Jayanta Bhaṭṭā | (iii) Nyāyamañjari |
| (4) Kumarila | (iv) Padārthadharma Saṁgraha |

**Code :**

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**29.** **Assertion (A) :** Iśvara is the nimittakāraṇa (efficient cause) of the world.

**Reason (R) :** Iśvara is ominipresent.

(A) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is not and (R) is not the correct explanation of (A).

(D) (R) is correct, but (A) is not and (R) is not the correct explanation of (A).

**30.** The view that Vedas are pauruṣeya is held by

(A) Jaimini (B) Saṅkara

(C) Gautama (D) Kapila

**31.** The samavāyikārana of the world according to the Vaiśeṣikas is

(A) Paramāṇu

(B) Dvyaṇuka

(C) Trasareṇu

(D) None of the above

**32.** Syādvādā is the

(A) Epistemological theory of Buddhists

(B) Epistemological theory of Vedāntins

(C) Metaphysical theory of Jainas

(D) Epistemological theory of Jainas

**33.** Cārvaka Ethics is called

(A) Hedonistic (B) Idealistic

(C) Marxism (D) Realism

**25.** वैदिक शब्द '<u>ऋत</u>' किस प्रसंग में प्रयुक्त होता है ?

(A) केवल नैतिक व्यवस्था के लिए ।

(B) केवल वैश्विक व्यवस्था के लिए ।

(C) नैतिक एवं वैश्विक व्यवस्थाओं के लिए ।

(D) उपरोक्त में से किसी के लिए भी नहीं ।

**26.** ब्रह्मचर्य निम्नलिखित में से किसकी प्राप्ति का साधन है ?

(A) <u>ऋषि ऋण</u>

(B) <u>पितृ ऋण</u>

(C) <u>देव ऋण</u>

(D) <u>मनुष्य ऋण</u>

**27.** निम्नलिखत में से कौन सा ईश्वर पर विश्वास रखता है ?

(A) बुद्ध (B) जैमिनि

(C) पतंजलि (D) महावीर

**28.** सूची–I और सूची–II को ध्यानपूर्वक समझिए और प्रदत्त कूट से सुमेलित खण्ड को चुनिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (1) प्रशस्तपाद | (i) तत्त्वकौमुदी |
| (2) वाचस्पति मिश्र | (ii) श्लोकवार्तिक |
| (3) जयन्त भट्ट | (iii) न्यायमंजरी |
| (4) कुमारिल | (iv) पदार्थधर्म संग्रह |

**कूट :**

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**29.** **अभिकथन (A) :** ईश्वर जगत का <u>निमित्त कारण</u> है ।

**तर्क (R)** : ईश्वर सर्वव्यापक है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) सही नहीं है और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(D) (R) सही है, परन्तु (A) सही नहीं है और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

**30.** यह दृष्टिकोण किसका है कि वेद <u>पौरुषेय</u> है ?

(A) जैमिनि (B) शंकर

(C) गौतम (D) कपिल

**31.** वैशेषिकों के अनुसार जगत का <u>समवायिकरण</u> कौन सा है ?

(A) <u>परमाणु</u>

(B) <u>द्वयणुक</u>

(C) <u>त्रसरेणु</u>

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**32.** स्याद्वाद है

(A) बौद्धों का ज्ञान मीमांसात्मक सिद्धान्त

(B) वेदान्तियों का ज्ञान मीमांसात्मक सिद्धान्त

(C) जैनों का तत्त्व मीमांसीय सिद्धान्त

(D) जैनों का ज्ञान मीमांसात्मक सिद्धान्त

**33.** चार्वाक नीतिशास्त्र को क्या कहते हैं ?

(A) सुखवादी (B) आदर्शवादी

(C) मार्क्सवादी (D) यथार्थवादी

**34.** Prātitya samutpāda-vāda is an
- (A) Epistemological theory of Nyāya
- (B) Theory of causation in Buddhism
- (C) Epistemological theory of Vedanta
- (D) Metaphysical theory of the Jainas

**35.** The founder of Mīmāṁsa Darśana is
- (A) Kapila
- (B) Patañjali
- (C) Jaimini
- (D) Śaṅkara

**36.** Nirguṇa Brahma is related to
- (A) Vyāvahārika Satya
- (B) Pāramārthika Satya
- (C) Prātibhāsika Satya
- (D) Bhakti and Prapaṭti

**37.** **Assertion (A) :** The three basics of Buddhism as a religion are : the Buddha, the Dhamma and the Sangha.

**Reason (R) :** The three basic features of Buddhist Philosophy are : Anicca, Asatta and Dukkha.
- (A) Both (A) and (R) are individually true.
- (B) (A) is true, but (R) is false.
- (C) Both (A) and (R) are individually false.
- (D) (A) is false, but (R) is true.

**38.** **Assertion (A) :** Vedanta of Sankara accepts Sadhana Catustaya.

**Reason (R) :** Vedanta of Sankara accepts Sadhana Saptaka.
- (A) (A) is correct, but (R) is wrong.
- (B) Both (A) and (R) are correct.
- (C) (A) is wrong, but (R) is correct.
- (D) Both (A) and (R) are wrong.

**39.** Consider the following inference :
1. Tom is a rational animal.
2. All men are rational animals.
3. Tom is such a man.
4. Because Tom is a man.
5. Therefore, Tom is a rational animal.

The correct sequence of statements according to Nyāya inference is
- (A) 1 – 4 – 2 – 3 – 5
- (B) 4 – 1 – 2 – 5 – 3
- (C) 2 – 4 – 3 – 5 – 1
- (D) 1 – 3 – 4 – 5 – 2

**40.** 'Tirthānkara' is a term associated with
- (A) Carvaka
- (B) Jainism
- (C) Buddhism
- (D) Yoga

**41.** Classical Vaiśesika system is known as
- (A) Science of soul
- (B) Science of thinking
- (C) Science of meditation
- (D) Science of categories

**42.** "On this ground there is no pot now" is an example of
- (A) Prior non-existence
- (B) Annihilative non-existence
- (C) Reciprocal non-existence
- (D) Absolute non-existence

**43.** The main objective of the Mimaṁsa system is
- (A) To establish the authority of the Upanishads
- (B) To establish the authority of the Vedas
- (C) To establish the authority of the Smrtis
- (D) None of the above

**34.** प्रतीत्य समुत्पादवाद क्या है ?

(A) न्याय का ज्ञान मीमांसीय सिद्धान्त

(B) बौद्ध का 'कारणतावाद'

(C) वेदान्त का ज्ञान मीमांसीय सिद्धान्त

(D) जैनों का तत्त्व मीमांसीय सिद्धान्त

**35.** मीमांसा दर्शन के प्रवर्तक कौन हैं ?

(A) कपिल (B) पतंजलि

(C) जैमिनि (D) शंकर

**36.** निर्गुण ब्रह्म का किससे सम्बन्ध है ?

(A) व्यावहारिक सत्य

(B) पारमार्थिक सत्य

(C) प्रतिभासिक सत्य

(D) भक्ति और प्रपत्ति

**37.** **अभिकथन (A)** : बौद्ध धर्म के मूल तत्त्व तीन हैं – बुद्ध, धर्म और संघ ।

**तर्क (R)** : बौद्ध दर्शन के तीन लक्षण हैं – अहिंसा, आस्था और दीक्षा ।

(A) (A) और (R) अपने अपने रूप में सही हैं ।

(B) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(C) (A) और (R) अपने अपने रूप में गलत हैं ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**38.** **अभिकथन (A)** : शंकर का वेदान्त साधन चतुष्टय को स्वीकार करता है ।

**तर्क (R)** : शंकर का वेदान्त साधन सप्तक को स्वीकार करता है ।

(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(C) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

**39.** निम्नलिखित अनुमान पर विचार कीजिए :

1. टॉम एक बौद्धिक पशु है ।
2. सभी मनुष्य बौद्धिक पशु हैं ।
3. टॉम एक आदमी है ।
4. क्योंकि टॉम एक मनुष्य है ।
5. इसलिए टॉम एक बौद्धिक पशु है ।

न्याय अनुमान के अनुसार इन कथनों का सही अनुक्रम कौन सा है ?

(A) 1 – 4 – 2 – 3 – 5

(B) 4 – 1 – 2 – 5 – 3

(C) 2 – 4 – 3 – 5 – 1

(D) 1 – 3 – 4 – 5 – 2

**40.** 'तीर्थंकर' शब्द किससे सम्बद्ध है ?

(A) चार्वाक (B) जैन

(C) बौद्ध (D) योग

**41.** शास्त्रीय वैशेषिका दर्शन को क्या माना जाता है ?

(A) आत्मा का विज्ञान

(B) चिन्तन का विज्ञान

(C) ध्यान का विज्ञान

(D) पदार्थ विज्ञान

**42.** 'इस स्थान पर कोई पात्र नहीं है ।' – यह किसका उदाहरण है ?

(A) पूर्वाभाव (B) प्रध्वंसाभाव

(C) अन्योन्याभाव (D) अत्यन्ताभाव

**43.** मीमांसा दर्शन का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(A) उपनिषदों की आप्तता को स्थापित करना ।

(B) वेदों की आप्तता को स्थापित करना ।

(C) स्मृतियों की आप्तता को स्थापित करना ।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

44. According to Gandhi, the goal of constructive program is

(A) Providing economic relief to the unemployed.

(B) Distributing some wages to spinners and weavers.

(C) Creating a non-violent order of society.

(D) None of the above

45. 'Buddhism is nothing, if not rationalism' according to

(A) Gandhi (B) Ambedkar

(C) Bhagavandas (D) Tilak

46. Which of the following is not acceptable to Ambedkar ?

(A) Liberty, equality and fraternity

(B) Education, Organisation and agitation

(C) Buddha, Dhamma and Sangha

(D) Caste, Varna and Karma

Read the following passage and answer the questions from **47** to **50** :

"Religion is not the outcome of the weakness of human nature; religion is not here because we fear a tyrant; religion is love, unfolding, expanding, growing. Take the watch – within the little case is machinery and a spring. The spring, when wound up, tries to regain its natural state. You are like the spring in the watch, and it is not necessary that all watches have the same kind of a spring, and it is not necessary that we all have the same religion. And why should we quarrel ? If we all had the same ideas the world would be dead. External motion we call action; internal motion is human thought. The stone falls to the earth. You say it is caused by the law of gravitation. The horse draws the cart and God draws the horse. That is the law of motion. Whirlpools show the strength of the current; stop the current and stagnation ensues. Motion is life. We must have unity and variety. The rose would smell as sweet by any other name, and it does not matter what your religion is called.

47. What is religion, as per the author of the passage ?

(A) weakness of human nature

(B) fear of a tyrant

(C) love

(D) all the above

48. In religion love is not

(A) unfolded (B) expanded

(C) concretised (D) grown

49. For the author, in religion the following is needed :

(A) External motion

(B) Internal motion

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

50. Which one of the following is not correct for author ?

(A) Religion is love.

(B) Religion is fragrant like a rose.

(C) Religion has manyness.

(D) Religion is individualistic.

**44.** गांधीजी के अनुसार, रचनात्मक कार्यक्रम का उद्देश्य क्या है ?

(A) बेरोजगारों को आर्थिक राहत पहुँचाना ।

(B) कताई-बुनाई करने वालों को कुछ मजदूरी दे पाना ।

(C) समाज में अहिंसात्मक व्यवस्था को निर्मित करना ।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

**45.** "यदि बुद्धिवाद नहीं है तो बौद्ध धर्म चिन्तन की परम्परा नहीं है", यह कथन किसका है ?

(A) गाँधी (B) अम्बेडकर

(C) भगवानदास (D) तिलक

**46.** अम्बेडकर को निम्नलिखित में से कौन सा स्वीकार्य नहीं है ?

(A) स्वतन्त्रता, समानता, भ्रातृत्व

(B) शिक्षा, संगठनात्मक आन्दोलन

(C) बुद्ध, धम्म और संघ

(D) जाति, वर्ण और कर्म

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर संख्या **47** से **50** के उत्तर दीजिये :

धर्म मानव-प्रकृति की किसी निर्बलता की उपज नहीं है । यहाँ धर्म इसलिए भी नहीं है कि हमें किसी अत्याचारी का डर है । धर्म तो प्यार है जो फैलता है, व्यापक बनता है और विकासशील है । घड़ी को ही लीजिए – उसके छोटे से खोल के अन्दर मशीनरी और एक छल्ला (स्प्रिंग) है । यह स्प्रिंग, जब इसमें चाबी भरी जाती है, अपनी प्राकृतिक अवस्था को पुन: प्राप्त करने का प्रयास करता है । आप भी उस घड़ी में स्प्रिंग की तरह ही हो, और यह भी आवश्यक नहीं है कि प्रत्येक घड़ी में एक सा ही स्प्रिंग डला हुआ हो । और यह भी जरूरी नहीं कि हमारा सभी का एक ही धर्म हो और हम आपस में झगड़ा क्यों करें । यदि हम सभी का एक ही विचार हो जाए तो यह संसार मृत हो जाएगा । बाहरी गति को हम कर्म कहते हैं; आन्तरिक गति मानवीय विचारधारा है । पत्थर धरती पर गिरता है । आप कहते हैं कि यह गुरुत्वाकर्षण के नियम से हुआ है । घोड़ा गाड़ी को खींचता है और ईश्वर घोड़े को । यह गति-सिद्धान्त है । भँवर लहरों की शक्ति को दर्शाता है । लहर को उठने से रोकिए, इसके साथ ही ठहराव प्रारम्भ हो जाएगा । गति ही जीवन है । हम में एकता एवं विविधता अनिवार्यतया होनी चाहिए । यदि गुलाब का कोई अन्य नाम भी हो तो भी उससे भीनी-भीनी खुशबू आयेगी, और इससे कोई अन्तर नहीं आता कि आपके धर्म का नाम क्या है ?

**47.** उपरोक्त गद्यांश के लेखक के अनुसार धर्म क्या है ?

(A) मानव-प्रकृति की दुर्बलता ।

(B) किसी अत्याचारी का भय ।

(C) प्रेम ।

(D) उपरोक्त सभी ।

**48.** धर्म में प्रेम निम्नलिखित नहीं है :

(A) अनावृत (B) विस्तृत

(C) स्थूलीकृत (D) विकसित

**49.** लेखक के अनुसार धर्म में निम्नलिखित आवश्यक है :

(A) बाह्य गति

(B) आन्तरिक गति

(C) उपरोक्त दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**50.** लेखक के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है ?

(A) धर्म प्रेम है ।

(B) धर्म गुलाब की तरह गंध है ।

(C) धर्म में बाहुल्य है ।

(D) धर्म व्यक्तिनिष्ठ है ।

**Space For Rough Work**